दिन—शनिवार दिनांक— 25 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 6.35 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

02. गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य के नौ पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए सम्मानित किया जायेगा।

03. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां पटना के गांधी मैदान में झंडा फहरायेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पूरे प्रदेश में सुरक्षा बढ़ाई गई।

04. और, राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न भागों में सम्मान समारोह का आयोजन। अधिकारियों, कर्मियों और आम लोगों ने ली लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अब से थोडी देर बाद शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर किया जायेगा। दूरदर्शन पर इसका प्रसारण पहले हिन्दी में और बाद में अंग्रेजी भाषा में होगा। इसके बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जायेगा। आकाशवाणी के क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढ़े नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में राष्ट्रपति के संबोधन का प्रसारण किया जायेगा।

———————————————————————

राष्ट्र कल अपना छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस मनायेगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के कर्तव्य पथ स्थित विजय चौक पर झंडोत्तोलन करेंगी। समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में देशभर से लगभग दस हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इसमें एक सौ अड़सठ विशेष अतिथि बिहार के हैं। इस वर्ष कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में आठ वर्षों बाद बिहार की झांकी भी दिखेगी। राज्य की झांकी में ज्ञान और शांति की परंपरा को प्रदर्शित किया गया है। पुर्नस्थापित नालंदा विश्वविद्यालय के माध्यम से बिहार में प्राचीन विरासत के संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों और राजगीर स्थित

घोड़ा–कटोरा जलाशय में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा को झांकी में जगह दी गयी है।

————————————————————————

पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा तथा सुधार सेवाओं के कुल नौ सौ बियालीस कर्मियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

———बाईट———

इनमें से 95 कर्मियों को वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। यह पदक जीवन, संपत्ति बचाने, अपराध को रोकने या अपराधियों को गिरफ्तार करने में वीरता और विशिष्ट कार्य के आधार पर प्रदान किया जाता है। इसके अलावा, एक सौ एक विशिष्ट कर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और सात सौ 46 कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पदक मिला है। भानू और अनुपम की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।

————————————————————————

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य के नौ पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा पदक से राष्ट्रपति सम्मानित किये जाने की घोषणा की गई है। इनमें अपर पुलिस महानिदेशक के.एस. अनुपम और पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार को विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किया जायेगा। वहीं, कमांडेंट हरी मोहन शुक्ला, पुलिस अधीक्षक संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार, सब इन्सपेक्टर जय प्रकाश, संजीत कुमार, शशिकांत और एएसआई अमितेश कुमार उपाध्याय को सराहनीय सेवा के लिए पदक प्रदान किया जायेगा।

प्रदेश में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित होगा। जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां सुबह नौ बजे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहरायेंगे। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्य मंत्रिमंडल के कई मंत्री, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। राज्यपाल इस अवसर पर भव्य परेड का निरीक्षण करेंगे। परेड में सीआरपीएफ, एसएसबी, आईटीबीपी, एसटीएफ, महिला बटालियन, बिहार पुलिस, एनसीसी और भारत स्काउट्स एंड गाइड समेत बीस टुकड़ियां शामिल होंगी। पंद्रह विभागों और संस्थानों की झांकियों का प्रदर्शन भी किया जायेगा। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर गांधी मैदान और उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस बलों को तैनात किया गया है। हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन और बसअड्डे पर भी विशेष चौकसी बरती जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

————————————————————————————

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि इस वर्ष जून तक तीन सौ साठ से अधिक जीवंत गांवों में 4–जी कनेक्टिविटी उपलब्ध करा दी जाएगी। श्री शाह ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर नई दिल्ली में जीवंत गांवों से आए विशेष अतिथियों के साथ बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि छह सौ 62 जीवंत गांवों में से चार सौ 74 गांवों का ऑन–ग्रिड विद्युतीकरण होगा और एक सौ 27 गांवों का ऑफ–ग्रिड विद्युतीकरण किया जाएगा।

————————————————————————————

खबरे महाकुंभ से

———म्यूजिक——

प्रयागराज के महाकुंभ में आयुष मंत्रालय श्रद्धालुओं और आगंतुकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि अब तक एक लाख 21 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने आयुष सेवाओं का लाभ उठाया है।

———बाईट———

आयुष मंत्रालय, महाकुंभ में देश और विदेश से आए श्रद्धालुओं को नि–शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा हैं। 80 डॉक्टरों की टीम, 20 ओपीडी के माध्यम से चौबीस घंटे लगातार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही हैं। विदेशी श्रद्धालु भी ओपीडी परामर्श सहित आयुष सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। वहीं बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के लिए, आयुष डॉक्टरों की एक टीम समर्पित है इसके अलावा, संगम क्षेत्र में निर्धारित स्थानों में प्रतिदिन सुबह के समय, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के प्रशिक्षकों द्वारा योग सत्र का आयोजन किया जा रहा हैं। इन सत्रों में अंतरराष्ट्रीय श्रद्धालुओं की भागीदारी, स्थानीय और वैश्विक जनता के बीच आयुष सेवाओं में बढ़ती रुचि और विश्वास को दर्शाती है। आनंद कुमार के साथ, दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।

————————————————————————————

आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि यह गौरव का विषय है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा, विविध, युवा, समावेशी और संवेदनशील लोकतंत्र है। नई दिल्ली में आज 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है और देश में प्राचीन समय से लोकतांत्रिक प्रक्रिया विद्यमान है।

———बाईट———

हमारा लोकतंत्र विश्व का प्राचीनतम लोकतंत्र होने के साथ–साथ विश्व का सबसे विशाल विविधतापूर्ण युवा, समावेशी और संवदेनशील लोकतंत्र भी है। निर्वाचन आयोग के प्रबंधन, मतदाताओं की भागीदारी, सुरक्षाकर्मियों तथा इलेक्शन मिशनरी में सहयोग देने वाले नागरिकों के बल पर भारतीय लोकतंत्र द्वारा जिस विशाल पैमाने पर चुनाव आयोजित किये जाते हैं। वो पूरे विश्व में अतुलनीय है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने सुचारू चुनाव सुनिश्चित करने में अनुकरणीय प्रयासों के लिए राज्य और जिला अधिकारियों को सर्वश्रेष्ठ चुनावी कार्यपद्धति पुरस्कार प्रदान किए। पूर्वी चंपारण जिले के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सौरभ जोरवाल को बेहतर चुनाव प्रबंधन के साथ लोकसभा चुनाव, दो हजार चौबीस को सफलतापूर्वक संपन्न कराने और आईटी पहल के लिए इस वर्ष विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश में अब मतदाताओं की संख्या 99 करोड़ से अधिक है।

———बाईट———

आज जब हम राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे देश में मना रहे हैं। मुझे ये बताते हुए खुशी है कि जनवरी 2025 में आज देश में वोटर्स की संख्या 99 करोड के पार पहुंच गई है। (अंग्रेजी) राष्ट्रीय मतदाता दिवस इन्हीं 99 करोड मतदाताओं को समर्पित है।

———————————————————————————

इधर, राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष दो हजार चौबीस का राज्य स्तरीय सर्वोत्तम चुनावी प्रबंधन पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने वैशाली के जिलाधिकारी यशपाल मीणा और बांका के जिलाधिकारी अंशुल कुमार को बेहतर ढंग से चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सम्मानित किया। रोहतास के तत्कालीन जिलाधिकारी नवीन कुमार को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने कई मतदाता निबंधन अधिकारी, सहायक मतदाता निबंधन अधिकारी और बूथ लेबल अधिकारी को भी सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने कहा कि युवा मतदाताओं को वोटिंग प्रक्रिया का हिस्सा बनाना एक बड़ी चुनौती है। आयोग इस पर लगातार काम कर रहा है।

———बाईट———

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि बिहार एक बड़े बदलाव की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और स्वच्छ मतदान की दिशा में बिहार ने लंबा सफर तय किया है। इससे लोकतंत्र के महापर्व में वोटरों की भागीदारी भी बढ़ी है।

———बाईट———

————————————————————————————

राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में विभिन्न स्थानों पर भीषण ठंड से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, दरभंगा, वैशाली, सारण, गोपालगंज समेत विभिन्न जिलों में आज शीतदिवस की स्थिति बनी हुई है। विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घटों के दौरान मोतिहारी और पूसा राज्य के सबसे ठंडे स्थान रहे। इन दोनों स्थानों पर न्यूनतम तापमान सात दशतलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों तक तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद तापमान में थोड़ी गिरावतट हो सकती है।

———बाईट———

————————————————————————————

बेगूसराय जिले के बखरी थाना क्षेत्र के तुलसीपुर में दो बसों की टक्कर में दर्जनों लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

————————————————————————————

शिवहर जिले के मंडल कारा में बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मशरूम उत्पादन का दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रय ने किया।

———————————————————————————

शेखपुरा जिले की शेखोपुरसराय थाना पुलिस ने पांची गांव में एक बंद पड़े कोचिंग सेंटर में बैठकर साइबर ठगी करते हुए सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों के पास से इक्कीस सिम कार्ड और एक दर्जन से ज्यादा मोबाइल बरामद किया है।

———————————————————————————

बेतिया जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता रथ को रवाना किया। उन्होंने लोगों से यातायात नियम का पालन करने की अपील की।

———————————————————————————

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
02. गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य के नौ पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए सम्मानित किया जायेगा।
03. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां पटना के गांधी मैदान में झंडा फहरायेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पूरे प्रदेश में सुरक्षा बढ़ाई गई।
04. और, राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न भागों में सम्मान समारोह का आयोजन। अधिकारियों, कर्मियों और आम लोगों ने ली लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ।

———————————————————————————

समाप्त